दिन– सोमवार  दिनांक– 24 / 11 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।  अवधि – 15 मिनट

---

01. केंद्र सरकार ने बेतिया में गंडक नदी पर प्रदेश के सबसे लंबे पुल निर्माण की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की।

02. राज्य में नई सरकार के गठन के बाद मंत्रियों के कार्यभार ग्रहण करने का सिलसिला जारी। गृह मंत्री सम्राट चौधरी समेत कई मंत्री आज पदभार ग्रहण करेंगे।

03. न्यायमूर्ति सूर्यकांत आज भारत के तिरपनवें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे।

04. और, गोवा में चल रहे भारत–अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में बिहार पवेलियन के प्रति देखा जा रहा है भारी उत्साह।

---

केंद्र सरकार ने बेतिया में प्रदेश के सबसे लंबे पुल के निर्माण की वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। गंडक नदी पर बनने वाले इस पुल से बिहार से उत्तर प्रदेश आना–जाना और आसान हो जाएगा। केंद्र सरकार ने इस पुल को हाईब्रिड एन्यूटी मोड– हैम मॉडल में निर्माण की मंजूरी दी है। इसके तहत चयनित एजेंसी को लागत राशि का साठ फीसदी खर्च स्वयं करना होगा, जबकि शेष राशि का खर्च केंद्र सरकार करेगी। बारह किलोमीटर लंबे इस पुल को बनाने में उन्नीस सौ छिहत्तर करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इस पुल का निर्माण राज्य पुल निर्माण निगम के जरिए किया जाएगा। अब इस प्रस्ताव को अंतिम मंजूरी के लिए केंद्रीय कैबिनेट के समक्ष रखा जाएगा।

---

राज्य में नई सरकार के गठन के बाद विभिन्न विभागों के मंत्रियों का कार्यभार ग्रहण करने का सिलसिला जारी है। आज कई मंत्री अपने विभाग का कार्यभार संभालेंगे। गृह मंत्री सम्राट चौधरी आज अपना पदभार ग्रहण करेंगे। इनके अलावा ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, पथ निर्माण और नगर विकास एवं आवास मंत्री नितिन नबीन समेत कई मंत्रियों के आज पदभार ग्रहण करने की संभावना है। गौरतलब है कि जल संसाधन विभाग मंत्री विजय कुमार चौधरी, समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्रेयसी सिंह, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, पंचायती

राज मंत्री दीपक प्रकाश और गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार पहले ही अपने–अपने विभागों का पदभार ले चुके हैं।

---

सीतामढ़ी के पुनौरा धाम में बन रहे भव्य जानकी मंदिर का निर्माण कार्य अगले बयालीस महीनों के अंदर पूरा कर लिया जायेगा। पर्यटन मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने पुनौरा धाम में पूजा–अर्चना के बाद पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। श्री प्रसाद ने कहा कि मंदिर की भूमि का सीमांकन कार्य आज से शुरू किया जाएगा।

———बाइट———

---

न्यायमूर्ति सूर्यकांत आज भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु राष्ट्रपति भवन में उन्हें पद की शपथ दिलाएंगी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत देश के 53वें मुख्य न्यायाधीश होंगे। वे न्यायमूर्ति भूषण आर. गवई का स्थान लेंगे, जो कल सेवानिवृत्त हो गये। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

---

केंद्र सरकार ने श्रम कानूनों को सरल और प्रभावी बनाने के लिए चार प्रमुख श्रम संहितांओं को इक्कीस नवम्बर से लागू कर दिया है। नई संहितांओं के लागू होने के साथ ही देश के उनतीस पुराने श्रम कानूनों को एकीकृत कर सुव्यवस्थित किया गया है। श्रम संगठन समन्वय केन्द्र के राष्ट्रीय महासचिव शिव प्रसाद तिवारी ने श्रम संहिता सुधारों का स्वागत किया है। उन्होंने इसे ऐतिहासिक कदम बताया जिससे पैंतालीस करोड़ असंरक्षित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाये जा सकेंगे और देश के कार्यबल में क्रांतिकारी बदलाव होगा।

———बाइट———

इधर, प्रदेश में श्रम संहिता के संबंध में विभिन्न संस्थानों में श्रमिकों को जागरूक किया जा रहा है। पटना मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के कर्मियों को सुपरवाइजर द्वारा श्रम संहिता के लाभों की जानकारी दी गयी। नई श्रम संहिताएँ मजदूरों के अधिकार, सुरक्षा और पारदर्शिता को और सुदृढ़ करती हैं।

———बाइट———

---

छठा अंतरराष्ट्रीय कृषि विज्ञान सम्मेलन आज नई दिल्ली में शुरू होगा। कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिहं चौहान कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। तीन दिन के इस कार्यक्रम में पूर्ण सत्र, विषयगत संगोष्ठी, मुख्य व्याख्यान, पोस्टर प्रस्तुति, प्रदर्शनी तथा युवा वैज्ञानिकों और विद्यार्थियों की बैठक आयोजित होगी। इस वर्ष सम्मेलन की थीम है – स्मार्ट कृषि खाद्य प्रणालियों के लिए नई कृषि विज्ञान परिकल्पना। सम्मेलन में कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपति और प्रमुख कृषि व्ययसाय नवाचारियों सहित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संगठनों के विशेषज्ञ भाग लेंगे।

---

गोवा में चल रहे 56वें भारत–अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के पांचवें दिन भी लोगों का भारी उत्साह और आकर्षण बना हुआ है। आकाशवाणी से प्रस्तुत है इस भव्य आयोजन की एक रिपोर्ट –

–––रिपोर्ट–––

फिल्म महोत्सव में बिहार पवेलियन के प्रति लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। बिहार फिल्म निगम के प्रबंध निदेशक प्रणव कुमार ने प्रदेश में फिल्म की शूटिंग वाले स्थलों का डेटाबेस प्रदर्शित किया। उन्होंने बताया कि निर्माताओं की सुविधा के लिए वन विंडो क्लियरेंस सिस्टम लागू किया गया है। साथ ही सभी जिलों में नोडल अधिकारी भी नियुक्त किये गये हैं।

---

सिखों के नौवें गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर का शहीदी दिवस आज मनाया जा रहा है। श्री गुरु तेग बहादुर के बलिदान को हर वर्ष शहीदी दिवस के रूप में याद किया जाता है। वर्ष सोलह सौ पचहत्तर में आज ही के दिन श्री गुरु तेग बहादुर जी ने धर्म, मानवीय मूल्यों, आदर्शों और सिद्धांतों की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया था। गुरू तेगबहादुर ने पूरे देश में गुरूनानक देव के संदेशों का प्रसार किया। उन्होंने एक सौ सोलह शबद और पंद्रह रागों की रचना की। उनके संदेश आदि ग्रंथ में निहित हैं। शहीदी दिवस के अवसर पर देशभर के विभिन्न गुरूद्वारों में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। पटना स्थित तख्तश्री हरिमंदिर साहिब में इस अवसर पर अखंड पाठ का आयोजन किया गया जा रहा है। इधर, अररिया के फारबिसगंज स्थित गुरू सिंह सभा गुरूद्वारा में शबद–कीर्तन, गुरू का अरदास के साथ ही गुरू का प्रसाद वितरित किया जाएगा।

---

सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद मोदी और अलीनगर से नवनिर्वाचित विधायक मैथिली ठाकुर की आपत्तिजनक तस्वीर पोस्ट करने के मामले में गुजरात से एक किशोर को गिरफ्तार किया गया है। बिहार और गुजरात पुलिस की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की है। मामले में दरभंगा साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

---

आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय का नौवां दीक्षांत समारोह आज आयोजित होगा। दीक्षांत समारोह का उद्घाटन राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां करेंगे। समारोह में तिरेसठ छात्रों को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जायेगा। समारोह में राज्य के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पीयूष अग्रवाल को मानद उपाधि से सम्मानित किया जायेगा।

---

प्रदेश के विभिन्न भागों में ठंड में मामूली बढ़ोतरी देखी जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य का न्यूनतम तापमान बारह से उन्नीस डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। इस दौरान सबसे कम बारह दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान किशनगंज में रिकॉर्ड किया गया। वहीं, सबसे कम न्यूनतम दृश्यता छह सौ मीटर गयाजी और पूर्णिया में दर्ज की गयी। विभाग के अनुसार अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर भागों में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की कमी होने की संभावना है।

–––बाइट–––

---

प्रदेश में कई स्थानों का वायु गुणवत्ता सूचकांक खराब श्रेणी में पहुंच गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान हाजीपुर लगातार तीसरे दिन प्रदेश का सबसे का प्रदूषित शहर रहा, यहां का एक्यूआई दो सौ दस दर्ज किया गया। वहीं, दो सौ पांच एक्यूआई के साथ सासाराम प्रदूषित शहरों में दूसरे स्थान पर रहा। पटना का एक्यूआई एक सौ इकतालीस दर्ज किया गया। साठ वायु गुणवत्ता सूचकांक के साथ समस्तीपुर की हवा सबसे साफ रही।

---

कूच बिहार ट्रॉफी के एलीट मुकाबले में बिहार ने मेजबान तमिलनाडु के खिलाफ पहली पारी में दो सौ तीन रन बनाए हैं। तमिलनाडु ने दिन के आखिर में एक ओवर में बिना कोई विकेट गवाये तीन रन बना लिये हैं।

---

इधर, सेपक टाकरा स्टेट चैंपियनशिप का खिताब पटना ने जीत लिया है। डबल्स सब जूनियर बालिका वर्ग तथा सब जूनियर और जूनियर बालक वर्ग में पटना ने स्वर्ण प्राप्त किये।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने औरंगाबाद के उत्पाद अधीक्षक के ठिकानों पर छापेमारी की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की प्रमुख खबर है – उत्पाद अधीक्षक के पास साढ़े पांच करोड़ रुपये की संपत्ति। पटना–जहानाबाद में आलीशान मकान।

**दैनिक जागरण** की बड़ी खबर है – राजद ने बत्तीस गायकों को नोटिस भेज पूछा, क्यों बिगाड़ी छवि।

**दैनिक भास्कर** की विशेष खबर है – मस्जिद और इमामबाड़ा के दस्तावेजों को उम्मीद पोर्टल पर अपलोड करना जरूरी। हज भवन में लगा कैंप।

**प्रभात खबर** लिखता है – अब घर में बनेगा डिजिटल लाईफ सर्टिफिकेट। डाक विभाग से मात्र सत्तर रुपये में मिलेगी यह सुविधा।

**आज अखबार** ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बयान पर शीर्षक लगाया है – सिंध हमेशा भारत का हिस्सा रहेगा। एक अन्य खबर में अखबार लिखता है – बिहार सरकार सनातन धर्म को देगी बढ़ावा। सभी अड़तीस जिलों में नियुक्त होंगे संयोजक।

**राष्ट्रीय सहारा** ने नवनिर्वाचित विधायकों को जल्द आवास आवंटित किये जाने की खबर दी है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केंद्र सरकार ने बेतिया में गंडक नदी पर प्रदेश के सबसे लंबे पुल निर्माण की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की।

02. राज्य में नई सरकार के गठन के बाद मंत्रियों के कार्यभार ग्रहण करने का सिलसिला जारी। गृह मंत्री सम्राट चौधरी समेत कई मंत्री आज पदभार ग्रहण करेंगे।

03. न्यायमूर्ति सूर्यकांत आज भारत के तिरपनवें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे।

04. और, गोवा में चल रहे भारत–अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में बिहार पवेलियन के प्रति देखा जा रहा है भारी उत्साह।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।